आज का दिन 2001 में एप्पल ने आईपॉड लांच किया



## मुख्यमंत्री ने कहा-पांच साल के भीतर 25 लाख युवाओं को रोजगार देंगे

# यूपी में नौकरी का संकट नहीं

कानपुर | मुख्य संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में कानून का राज नहीं होता तो इतना बड़ा निवेश नहीं होता। यूपी समिटि में इतना बड़ा निवेश हो रहा है कि आने वाले समय में 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। यूपी में नौकरी का कोई संकट नहीं है। हर जिले के परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना शुरू की गई है। इसके तहत हर साल 5 लाख रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह हम 5 साल में 25 लाख युवाओं को रोजगार देंगे।

ओडीओपी के तहत हम अपने जिलों की अच्छी चीजों को विश्व पटल पर प्रदर्शित कर सकते हैं। योगी ने कहा कि इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आपकी जरूरत सरकार और संगठन को है। बोले- ऐसा नहीं कि कोई परिवार या जाति विशेष नौकरियों के नाम पर वसूली करता हो, हमने यूपी में नई कार्य संस्कृति लागू की है।

**देश के सबसे बड़े भू-भाग पर भाजपा का राज :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि अपनी ताकत को पहचानें और बड़े परिवर्तन के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का जन्मदिन है। उनके नेतृत्व में भाजपा देश और दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। देश के सर्वाधिक भू-भाग पर पार्टी का राज है।

अमित शाह के नेतृत्व से यह संभव हुआ है। उनके निर्देशन में ही पार्टी का विजय रथ लगातार आगे बढ़ रहा है। योगी ने कहा कि युवाओं में बहुत ऊर्जा है। उन्होंने हर मौके पर अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि युवा तय करें कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में जाएंगे तो कुछ बेहतर सकारात्मक योगदान देंगे। हम युवा शक्ति की बात करते हैं तो हमारे दिमाग में कई क्रांतिकारी विचारों वाले युवाओं की छवि कौंधती है। अभी हम सीएसए कृषि विश्वविद्यालय से गुजर रहे थे तो मुझे चंद्रशेखर आजाद जी याद आए।



### भाजयुमो कार्यसमिति

सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डेढ़ वर्ष से सरकारी नौकरियों की शृंखला चल रही है। सबसे पहले ग्रुप डी और सी से इंटरव्यू खत्म किया फिर भर्तियां शुरू कीं। अब तक प्रदेश में 101456 को नौकरी दी जा चुकी है। 42 हजार सिपाहियों की भर्ती चल रही है। 25 और 26 अक्तूबर को आखिरी परीक्षा है।

### स्वच्छता अभियान में यूपी नंबर वन

योगी ने कहा कि 2014 से मार्च 2017 के बीच प्रदेश की कार्य संस्कृति अच्छी नहीं रही। स्वच्छ भारत अभियान में यूपी की हिस्मेदारी 23 फीसदी थी। हमने काम संभालते ही युवाओं को एक्टिव किया। डेढ़ वर्ष में यूपी में स्वच्छता अभियान में देश का औसत 97 फीसदी है और यूपी का 99 फीसदी पर पहुंच गया।

# उन्नाव में लगे विवादित पोस्टर से पुलिस परेशान

**जांच शुरू**

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

पुलिस कर्मियों को छुट्टी देने, वेतन विसंगतियां खत्म करने और अन्य सुविधाएं देने की मांग करते हुए उन्नाव में चिपकाए गए पोस्टरों से पुलिस परेशान हो गई है। डीजीपी ने इसकी जांच एसपी उन्नाव से करने को कहा है। अफसरों का दावा है कि यह किसी की शरारत व्यक्ति कि साजिश भी हो सकती है।

उन्नाव में एसपी कार्यालय के आसपास सरकार विरोधी पोस्टर चिपकाए गए थे। इसमें बार्डर स्कीम खत्म करने, पुलिसकर्मियों को छुट्टी समेत कई मांगे की गई थी। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो सबक सिखा दिया जाएगा। इन पोस्टरों की फोटो सोमवार सुबह डीजीपी को कुछ लोगों ने ट्विट किया और कुछ लोगों ने इसे सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। इसके बाद ही अफसर हरकत में आ गए। उन्नाव कार्यालय के मुताबिक एसपी हरीश कुमार ने एलआईयू से स्पष्टीकरण मांगा है कि आखिर ये कैसे लग गए।

> पोस्टर चिपकाने की घटना का संज्ञान लिया गया है। पर, ये किसने किया है, इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चला है। एसपी उन्नाव को जांच दी गई है।
>
> **प्रवीण कुमार,** डीआईजी लॉ एंड आर्डर

> पोस्टर चिपकाने की घटना राजनीति से प्रेरित है। महकमे की ओर से कोई भी ऐसा नहीं कर सकता। जांच चल रही है जिन लोगों ने ऐसा दुष्प्रचार करके विभाग को बदनाम करने की साजिश की है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **एपी सिंह,** एएसपी, उन्नाव

## संक्षेप

### विकास के मुद्दे पर लड़ेंगे चुनाव : राजनाथ

**प्रयागराज।** केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भाजपा 2019 का लोकसभा चुनाव सुशासन और विकास के मुद्दे पर लड़ेगी। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार ठीक काम कर रही है। केंद्र सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। कौशाम्बी में सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पिता श्यामलाल मौर्य की तेरहवीं में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृहमंत्री ने कहा कि इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया है जो खुशी की बात है।

### अयोध्या आकर दर्शन करेंगे उद्धव ठाकरे

**लखनऊ।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे आगामी 25 नवंबर को अयोध्या आकर रामलला का दर्शन करेंगे। शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें पार्टी प्रमुख के प्रस्तावित दौरे की जानकारी दी। बताया कि मुख्यमंत्री ने इस यात्रा में सहयोग का भरोसा दिया है।

### जहर पीने के बाद मिली सिपाही को छुट्टी

**बांदा।** छुट्टी न मिलने से परेशान सिपाही ने जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर साथियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सिपाही का कहना था की वह 20 दिनों से छुट्टी मांग रहा था। छुट्टी मंजूर करने के बजाय कोतवाली प्रभारी ने उसे डांट दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अफसर सकते में आ गए।

### एनडी तिवारी की अस्थियां विसर्जित

**हरिद्वार।** पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी की अस्थियां सोमवार को कनखल सती घाट पर गंगा में विसर्जित की गई। पुत्र रोहित शेखर ने नम आंखों से गंगा में उनकी अस्थियों को प्रवाहित किया। सोमवार को एनडी तिवारी की पत्नी उज्जवला तिवारी, पुत्र रोहित शेखर और बहू अपूर्वा अस्थि कलश लेकर कनखल सतीघाट पहुंचे।

### टल सकती है असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा

**प्रयागराज।** उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की 18 नवंबर को होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा टल सकती है। परीक्षा टालने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्रों ने सोमवार को आयोग के अध्यक्ष एवं सचिव से मुलाकात की। आश्वासन मिला कि इस बारे में आयोग की अगली बैठक में विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

### तीन कर्मचारी नेताओं को घर खाली करने का नोटिस

**लखनऊ।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए 25 से हड़ताल की घोषणा के बाद सरकार ने भी कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। राज्य संपत्ति विभाग ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तीन गुटों को आवंटित आवासों को खाली करने का नोटिस थमा दिया है। इस नोटिस के बाद इन गुटों के नेताओं की बेचैनी बढ़ी हुई है। रविवार को मुख्य सचिव अनूप चंद्र पांडेय ने काम नहीं तो वेतन नहीं और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर कड़ी कार्रवाई का फैसला लिया था।

# 1984 में मीरा से हुई थी रमेश की मुलाकात



**अभिजीत हत्याकांड**

एटा | कार्यालय संवाददाता

रमेश बाबू यादव की मीरा यादव से 34 वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद वह लखनऊ में ही शिफ्ट हो गई थीं, लेकिन बड़े त्योहारों पर पूरा परिवार एक साथ ही रहता था।

रमेश बाबू यादव की मीरा यादव से मुलाकात वर्ष 1984 में लखनऊ में हुई थी। मीरा से शादी हो गई। शादी के बाद मीरा यादव को सरकारी आवास में दे दिया। लखनऊ में उनका आना जाना बना रहता था। मीरा यादव लखनऊ में पर्यटक विभाग में नौकरी करती थीं। सेवानिवृत्त होने के बाद वह बच्चों के साथ सरकारी आवास में रहकर बच्चों की पढ़ाई पूरी करा रही थी। वर्षभर में होने वाले बड़े त्योहार होली, दीपावली, रक्षाबंधन आदि पर वह एटा में आती थीं। दो चार दिन रहने के बाद वह लखनऊ चली जाती थीं। दोनों बेटों का भी एटा आना जाना रहता था। आशीष यादव के विधानसभा चुनाव के समय भी मीरा यादव के दोनों बेटे आए थे। रविवार को लखनऊ में बेटे के अंतिम संस्कार करने के बाद सोमवार की देरशाम रमेश बाबू यादव एटा पहुंच गए।

### रोडवेज के बाबू से बने विधान परिषद के सभापति

एटा। सक्रिय राजनीति में आने से पहले रमेश बाबू यादव परिवहन निगम में लिपिक थे। रोडवेज में यूनियन की राजनीति करने के दिनों में वह मुलायम सिंह यादव से जुड़ गए। सहकारिता मंत्री बनने के बाद मुलायम सिंह यादव ने रमेश बाबू यादव को 18 मई 1978 को उपभोक्ता भंडार का अध्यक्ष बनाया। इसके बाद वह राजनीति की सीढ़ियां तेजी से चढ़ते गए। मुलायम सिंह के आशीर्वाद से रमेश बाबू को वर्ष 1985 के विस चुनाव में निधौलीकलां से लोकदल से प्रत्याशी बनाया गया।

# अब लोकभवन से चलने लगी योगी सरकार

लखनऊ | विशेष संवाददाता

उत्तर प्रदेश सरकार अब लोकभवन से चलने लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात का सिलसिला अब यहां के पंचम तल से शुरू कर दिया है।

उनके प्रमुख सचिव व सचिवों ने चौथे तल पर बैठकर काम संभाल लिया। इतना जरूर रहा कि कई अधिकारियों के उनके स्टाफ में बड़ा व बेहतर स्थिति वाला कक्ष लेने को लेकर खींचतान भी पहले दिन दिखी।

सोमवार को पहले दिन ही लोकभवन अधिकारियों कर्मचारियों की आवाजाही से गुलजार रहा। मुख्यमंत्री ने शाम को विशिष्ट जनों से मुलाकात की और विभागीय समीक्षा बैठक भी यहीं की। मुख्य सचिव का स्टाफ ने नए भवन में अपना काम संभाल लिया। मुख्यमंत्री के सचिव को मिला दूसरे तल पर कक्षः लोकभवन की नई व्यवस्था में पंचम तल पर मुख्यमंत्री कक्ष, कैबिनेट कक्ष, मीटिंग रूम ही हैं।

# मृतक आश्रितों को लिखित परीक्षा से मिलेगी छूट

**लखनऊ।** जूनियर और प्राइमरी के स्कूलों का रंग अब बदला जा सकेगा लेकिन इसमें प्राइमरी में नीली पट्टी और जूनियर स्कूलों में लाल रंग की पट्टी करवाना अनिवार्य होगा। वहीं मृतक आश्रित को शिक्षक पद पर नियुक्त करने के लिए भर्ती की लिखित परीक्षा में छूट दी जाएगी। विभागीय निदेशक सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बेसिक शिक्षा परिषद की एक बैठक के दौरान ये फैसले किए गए हैं।

# डॉ. तोगड़िया आज करेंगे राजनीतिक दल का ऐलान

अयोध्या | हिन्दुस्तान संवाद

राम मंदिर निर्माण के लिए संसद में कानून बनाने की मांग को लेकर आन्दोलित अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद (एपीएच) के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया मंगलवार को राजनीतिक दल का ऐलान करेंगे। उन्होंने मंदिर नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए कहा कि अगली सरकार हिन्दू सरकार होगी जो कि शपथ ग्रहण के साथ ही मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

डॉ. तोगड़िया खडेश्वरी आश्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने मंगलवार को पूर्वाह्न नौ बजे रामकोट की परिक्रमा करने का भी ऐलान करते हुए बताया कि इसके बाद सरयू तट पर संकल्प सभा में भाजपा सरकार के विकल्प को सार्वजनिक करेंगे। अपने



समर्थकों के साथ डॉ. तोगड़िया रविवार को अयोध्या पहुंचे थे। जिला प्रशासन ने डॉ. तोगड़िया के आगमन पर कोई रोक नहीं लगाई लेकिन उन्हें शेष सार्वजनिक कार्यक्रम की अनुमति भी नहीं दी गई। इसी के चलते पुलिस अधिकारियों ने समर्थकों को इधर-उधर डायवर्ट कर भीड़ नियन्त्रित करने में सफलता पाई। तोगड़िया समर्थकों का आरोप है कि पुलिस अधिकारियों ने एपीएच कार्यकर्ताओं के ठहरने के स्थानों पर जाकर व्यवस्थापकों को उन्हें न ठहराने की हिदायत दी।

# यूपी को 31 नए आईएएस मिले, तीन के लिफाफे बंद

**प्रोन्नति**

लखनऊ | विशेष संवाददाता

यूपी को 31 नए आईएएस अधिकारी मिल गए हैं, जबकि तीन पीसीएस अफसरों के आईएएस में प्रोन्नति के लिफाफे बंद हो गए हैं। प्रोन्नति पाने वाले अफसरों की अधिसूचना जारी होने के बाद इन्हें अधिकृत रूप से आईएएस में प्रोन्नति मिलेगी।

पीसीएस से आईएएस में प्रोन्नति की सोमवार को संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली में डीपीसी की बैठक हुई। इसमें पीसीएस काडर के 31 अफसरों को आईएएस काडर में प्रोन्नति को हरी झंडी दे दी गई। डीपीसी की बैठक में यूपी की ओर से मुख्य सचिव डा.अनूप चंद्र पांडेय और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक मुकुल सिन्हा ने भाग लिया।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पीसीएस से आईएएस में प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में यूपी पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह के अलावा राकेश मिश्रा, राकेश कुमार, अवनीश कुमार शर्मा, राम नारायण सिंह यादव, राम नेवास, संतोष कुमार, राजेश त्यागी, मनोज कुमार, राधेश्याम, शेषनाथ, नीरज शुक्ला, रविशंकर गुप्ता, राम सिंहासन प्रेम, चंद्र प्रकाश सिंह, हरिप्रताप शाही, मंगला प्रसाद सिंह, राजेश पांडेय, रेनू तिवारी, शेषमणि पांडेय, उमेश मिश्रा, डा.अरविंद चौरसिया, दिनेश चंद्र, राजेश राय, प्रेम प्रकाश शत्रुघ्न सिंह, अरुण प्रकाश, रणविजय, संभावितों में शामिल हैं।

# चंद्रशेखर की भीम आर्मी मध्य प्रदेश में भी सक्रिय

मेरठ | मुख्य संवाददाता

भीम आर्मी की सक्रियता अब मध्यप्रदेश में भी बढ़ गई है। चुनाव से पहले वहां पर भीम आर्मी द्वारा सभाएं आयोजित की जा रही हैं। भीम आर्मी द्वारा दलित-मुस्लिम महासम्मेलन 28 अक्तूबर को इंदौर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कुछ मुस्लिम संगठनों के भी साथ होने का दावा है।

भीम आर्मी का दावा है कि वह अराजनैतिक संगठन है और राजनीति में सक्रिय नहीं है। वह कहीं पर चुनाव भी नहीं लड़ने जा रहे, लेकिन मायावती को प्रधानमंत्री बनाने और इसके लिए काम करने का दावा भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद लगातार कर रहे हैं। 26 राज्यों में वह संगठन खड़ा कर चुके हैं और दलित समाज के लिए काम कर रहे हैं। अब मध्य प्रदेश में होने जा रहे चुनाव से पहले भीम आर्मी वहां पर तेजी से सक्रिय हो रही है।

### एसएसपी ऑफिस परिसर में खाया जहर, मौत

**अलीगढ़।** एसएसपी कार्यालय परिसर में सोमवार को सासनीगेट क्षेत्र के एक फरियादी ने जहर खा लिया। मेडिकल कालेज में उपचार के उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बिजली के बकाए को लेकर उसका मकान मालिक से विवाद चल रहा था। मूलरूप से हाथरस के थाना सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव डंडेसरी निवासी उमाशंकर शर्मा (45) वर्ष 2013 में अलीगढ़ में शिफ्ट हुए थे। वह यहां प्रॉपर्टी डिलिंग का काम करते थे। परिजनों के मुताबिक चार साल पहले उन्हें पेरालिसिस का अटैक हुआ था तभी से काम बंद कर दिया था।




टिकट रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जाएंगे। मनी ऑर्डर / बैंक ड्राफ्ट अपना पूरा पता एवं पिन कोड के साथ निम्न पते पर भेजें।
VIRA AGENCY, 173 M G Road, Kolkata-700007 Ph: (033) 46015573/46025573/22685573
अपना मोबाईल नं. एवं पूरा पता पिन कोड के साथ अवश्य देवें ताकि टिकट सहजता से डेलिवरी की जा सके



**इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट: www.ircon.org, CIN-U45203DL1976GOI008171

**निविदादाताओं से पूर्व-निविदा बैठक के लिए सूचना**

कटनी ग्रेड सेपरेटर रेलवे परियोजना के संबंध में इरकॉन बोलीदाताओं की बैठक में भाग लेने के लिए निर्माण कंपनियों/एजेंसियों को आमंत्रित करता है।
**तिथि:** 29.10.2018 **समय:** 15.00 बजे **स्थान:** सी–4, जिला केंद्र साकेत, नई दिल्ली–110017
अधिक जानकारी और अपडेट के लिए, इरकॉन की वेबसाइट www.ircon.org (Select: Tender→Notices) देखें।
मुख्य महाप्रबंधक/केजीएसबीपीएल



**कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग रामपुर**

पत्रांकः 1045/22-1 रामपुर — दिनांक- 22.10.2018

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी प्रभाग, रामपुर के अन्तर्गत 14 अधिहरित वाहनों की नीलामी जोकि दिनांक 22.10.2018 को होना निर्धारित था, अपरिहार्य कारण वश दिनांक 31.10.2018 को प्रातः 11:00 बजे **रेंज कार्यालय परिसर, रामपुर (डूँगरपुर)** में किया जायेगा। क्रेताओं से अनुरोध है कि समय से नीलाम हाल में उपस्थित होकर नीलामी में भाग लें। नीलामी की शर्तें पूर्ववत रहेंगी

**(भारत लाल)** प्रभागीय निदेशक
सा०वा०प्रभाग, रामपुर



**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा**

पत्रांक- एसएसए/प्रशि०/सी०सी०कार्ड/14923-28/2018-19 — दिनांक-22.10.2018

**ई टेण्डर विज्ञप्ति**

राज्य परियोजना निदेशक राज्य परियोजना कार्यालय सर्व शिक्षा अभियान लखनऊ के पत्रांक गुण०वि०/सी०सी०ई०कार्डस/2943/2018-19 दिनांक 18.09.2018 के अनुपालन में ख्याति प्राप्त फर्मों/प्रिन्टिंग प्रेस के स्वामियों से सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्रगति पत्र (रिजल्ट कार्ड) लगभग 100000 (एक लाख) मुद्रित करते हुए ब्लॉकवार एवं कक्षावार पैकिंग हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, उक्त के मुद्रण हेतु अधिकतम धनराशि रू. 2.50 प्रति कार्ड राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित है। मुद्रण हेतु विशिष्टीकरण निम्नवत् है :-

कक्षावार सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्रगति पत्र में प्रयुक्त कागज का आकार 30 सेमी × 21 सेमी० जो कि फोल्ड होने पर चौड़ाई 15 सेमी० × 21 सेमी० का होगा।

कक्षावार सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्रगति पत्र के मुद्रण में प्रयुक्त होने वाला कागज न्यूनतम 175 जी०एस०एम० आर्ट पेपर होगा।

ई-निविदा प्रपत्र डाउनलोड हेतु रूपये 500/- सर्व शिक्षा अभियान के खाता संख्या-0021000103243386 आई०एफ०सी० कोड- PUNB0002100 बैंक में आनलाइन जमा कराकर ई-निविदा दिनांक 23.10.2018 से दिनांक 29.10.2018 की सायं 05 बजे तक निर्धारित वेबसाईट etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। दिनांक 29.10.2018 की सायं 05 बजे तक अपलोड की गयी ई-निविदा दिनांक 30.10.2018 की अपरान्ह 02.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की शर्तें एवं प्रतिबन्ध निविदा प्रपत्र में वर्णित है जिनका पालन करना अनिवार्य है।

**(यू०पी० सिंह)**
**सहा०वित्त एवं लेखाधिकारी**
**सर्व शिक्षा अभियान अमरोहा**

**(गौतम प्रसाद)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**अमरोहा**



**Jubilant Life Sciences Limited**

Regd. Off.: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN : L24116UP1978PLC004624
Website: www.jubl.com | Email: investors@jubl.com | Tel: +91-5924-267200

**Extract of Consolidated Unaudited Results for the Quarter and Half year ended 30 September 2018**

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 September (Unaudited) 2018 | 30 June (Unaudited) 2018 | 30 September (Unaudited) 2017 | 30 September (Unaudited) 2018 | 30 September (Unaudited) 2017 | 31 March (Audited) 2018 |
| Total revenue from operations | 226949 | 207865 | 164204 | 434814 | 323809 | 755781 |
| Net Profit before tax, exceptional and extraordinary items | 30181 | 28637 | 16813 | 58818 | 37134 | 85908 |
| Net Profit before tax (after exceptional and extraordinary items) | 30181 | 28637 | 16813 | 58818 | 37134 | 85908 |
| Net Profit after tax, exceptional and extraordinary items | 20977 | 20037 | 12547 | 41014 | 26918 | 63442 |
| Total comprehensive income after tax (comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 35071 | 21402 | 20563 | 56473 | 38881 | 69981 |
| Earnings per share of ₹ 1 each before and after extraordinary items (Not annualized) | | | | | | |
| Basic (₹) | 13.50 | 13.00 | 8.23 | 26.50 | 17.67 | 41.25 |
| Diluted (₹) | 13.50 | 13.00 | 8.23 | 26.50 | 17.67 | 41.25 |
| Equity share capital | 1558 | 1558 | 1557 | 1558 | 1557 | 1558 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) | | | | 458349 | 376087 | 407095 |
| Net Worth | | | | 454477 | 373091 | 403501 |
| Paid-up debt capital | | | | 301970 | 245340 | 245010 |
| Capital Redemption Reserve | | | | 3984 | 3984 | 3984 |
| Debenture Redemption Reserve | | | | 7492 | 3746 | 7492 |
| Debt Equity Ratio | | | | 0.76 | 0.99 | 0.81 |
| Debt Service Coverage Ratio | | | | 6.65 | 4.43 | 3.61 |
| Interest Service Coverage Ratio | | | | 6.65 | 4.88 | 5.48 |

1. The Company has opted to publish consolidated results for the year ending 31 March 2019. The standalone unaudited results are available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 September (Unaudited) 2018 | 30 June (Unaudited) 2018 | 30 September (Unaudited) 2017 | 30 September (Unaudited) 2018 | 30 September (Unaudited) 2017 | 31 March (Audited) 2018 |
| Total revenue from operations | 88727 | 82664 | 73448 | 171391 | 144475 | 334301 |
| Profit before tax | 9121 | 3345 | 7827 | 12466 | 10568 | 36769 |
| Net profit after tax | 7961 | 2388 | 5688 | 10349 | 7917 | 26344 |

2. Sales/Income from operations (included in total revenue from operations) for the half year ended 30 September 2018 is not comparable with corresponding previous period since the same is net of Goods and Services Tax (GST) whereas excise duty formed part of expenses till 30 June 2017.
3. Items referred in sub clauses (a), (b), (d) and (e) of the regulation 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, have been disclosed in detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter and half year ended 30 September 2018 filed with BSE and National Stock Exchange and can be accessed under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.
4. The above consolidated unaudited results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 22 October 2018.
5. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter and half year ended 30 September 2018 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 & 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited results for the quarter and half year ended 30 September 2018 is available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

Place : Noida
Date : 22 October, 2018

For **Jubilant Life Sciences Limited**
**Hari S. Bhartia**
Co-Chairman & Managing Director